भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

निगमित संचार निदेशालय

भाविप्रा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 का आयोजन

नई दिल्ली, 01 नवंबर, 2021: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने अपने सभी हवाईअड्डों और प्रतिष्ठानों में 26 अक्टूबर 2021 से 01 नवंबर 2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 का आयोजन किया। इस आयोजन की थीम थी "स्वतंत्र भारत @ 75: सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता" |

भाविप्रा निगमित मुख्यालय, राजीव गांधी भवन में 26 अक्टूबर, 2021 को एक ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता भाविप्रा के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार ने की | इसमें भाविप्रा बोर्ड के सदस्य श्री आई एन मूर्ति, सदस्य (प्रचालन), श्री ए के पाठक, सदस्य (योजना एवं मानव संसाधन), श्री के एस राव, सदस्य (वित्त) और श्री एम. सुरेश, सदस्य (एएनएस) सहित श्री अमल गर्ग, आईआरएस, सीवीओ, श्री अनुराग शर्मा, महाप्रबंधक (सतर्कता) और अन्य सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने लगभग 100 अधिकारियों को ऑनलाइन माध्यम से सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई ।

अध्यक्ष, भाविप्रा ने संगठन के प्रभावी कामकाज में सतर्कता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी हवाईअड्डों पर जनता और कर्मचारियों के बीच निवारक सतर्कता के बारे में जागरूकता बढ़ाने की सलाह दी, जो भ्रष्टाचार को दूर करने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। उन्होंने सभी से सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 की गतिविधियों में पूर्ण उत्साह व ईमानदारी के साथ भाग लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर श्री अमल गर्ग, सीवीओ, भाविप्रा ने विगत एक वर्ष के दौरान सतर्कता विभाग की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भाविप्रा एक नए भारत के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है - एक ऐसा भारत जो आत्मनिर्भर है, एक ऐसा राष्ट्र जो लगातार अपनी क्षमताओं का विस्तार कर रहा है और कौशल अधिग्रहण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह महत्वपूर्ण है कि युवा पीढ़ी ऐसे मूल्यों को आत्मसात करे जो एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में मदद करते हैं। उन्होंने सभी कर्मचारियों से भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया ताकि आयोग के जनादेश को अक्षरश: प्राप्त किया जा सके।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी
विवरण के लिए कृपया महाप्रबंधक (सीसी) से संपर्क करें:
011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 24/2021-22



श्री आई एन मूर्ति, सदस्य (प्रचालन), श्री ए के पाठक, सदस्य (योजना एवं मानव संसाधन), श्री के एस राव, सदस्य (वित्त) और श्री एम. सुरेश, सदस्य (एएनएस), श्री अमल गर्ग, आईआरएस, सीवीओ तथा श्री अनुराग शर्मा, महाप्रबंधक (सतर्कता) के साथ अन्य सभी वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में ऑनलाइन कार्यक्रम में श्री संजीव कुमार, अध्यक्ष, भाविप्रा